महत्वपूर्ण एवं खास

नौकरी दिलाने का झांसा देकर 3 लाख की ठगी

रायपुर (आरएनएस)। आंबेडकर अस्पताल में नौकरी लगाने का झांसा देकर युवती से 3 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार भनपुरी खमतराई निवासी कुमारी प्रतिभा साहू 23 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी चंद्रकांत वर्मा ने प्रार्थिया को आंबेडकर अस्पताल में डाटा इंट्री ऑपरेटर के पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर 6 जून से 31 अक्टूबर 2021 के मध्य 3 लाख रुपए लेकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुरानी रंजिश को लेकर युवक से मारपीट

रायपुर (आरएनएस)। गोंदवारा स्थित बसंत विहार गेट-2 के पास पुरानी रंजिश के चलते तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार बसंत विहार निवासी नोमेश वर्मा 24 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी मंजीत सिंह, अविनाश व शुभम ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

हाइवा की टक्कर से स्कूटी सवार अधेड़ की मौत

रायपुर (आरएनएस)। ग्राम टेकारी जुलूम तिराहा के पास हाइवा की टक्कर से जूपिटर सवार अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अरूण पटेल 55 वर्ष गुजरा पाटन का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी जूपिटर क्रमांक सीजी 07 एटी 5913 से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम टेकारी जुलूम तिराहा के पास हाइवा क्रमांक सीजी 04 एमएन 4391 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जूपिटर को टक्कर मार दिया। जिससे गंभीर रूप से घायल अरूण पटेल की अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में मौत हो गई। मामले में सेजबहार पुलिस ने हाइवा जब्त कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नशीली टेबलेट बेचते दो युवक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। टिकरापारा पुलिस ने पुराना धमतरी रोड शुभम के मार्ट के सामने नशीली टेबलेट के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से कुल 288 नग नशीली टेबलेट जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार कल शाम पुलिस को सूचना मिली कि पुराना धमतरी रोड स्थित शुभम के मार्ट के सामने एक व्यक्ति नशीली टेबलेट बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी एहसास खान 28 वर्ष वर्ष सरफराज खान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 288 नग मेंड्रक्स नशीली टेबलेट जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 6276 रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

जेल में कैदी ने लगायी फ ांसी

मुंगेली (आरएनएस)। जिला जेल में हत्या के मामले में सजा काट रहे एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घटना की जानकारी मिलते ही जेल एवं जिला प्रशासन में खलबली मच गई मिली जानकारी के अनुसार फास्टरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाला राहुल साहू अपनी पत्नी की हत्या के मामले में विचाराधीन कैदी था जिसे हाल ही में न्यायालय द्वारा दोषी करार दिया गया था और धारा 302 के तहत उसे आजीवन कारावास की सजा मिली इस फैसले से व्यथित राहुल साहू ने आज सुबह बैरक के खुलते ही सीढ़ी के नीचे चादर से फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटनास्थल पर अभी पुलिस जांच कर रही है।

आय वृद्धि और आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए भूपेश सरकार अनेक योजनाओं का लाभ आम लोगों को दे रही -भूपेश बघेल

- राम वन गमन पथ में 7 स्थानों पर कार्य तेजी से जारी

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शिवरीनारायण रेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि भेंट मुलाकात अभियान के दौरान कल मैंने पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोनारगढ़, ग्राम केरा और शिवरीनारायण नगर में लोगों से भेंट मुलाकात की। शिवरीनारायण में कल मैं महानदी की गंगा आरती में भी शामिल हुआ। महानदी के तट पर भगवान श्रीराम की सुंदर और भव्य प्रतिमा के अनावरण भी कल मैंने किया। शिवरीनारायण छत्तीसगढ़ का महत्वपूर्ण तीर्थ है। इसे इसके गौरव और गरिमा के अनुरूप निर्मित करवाया गया है। प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री बघेल ने बताया कि राम वन गमन पर्यटन परिपथ परियोजना के तहत पहले चरण में कोरिया से लेकर सुकमा तक 9 स्थलों का चयन किया गया था। इनमें से शिविरीनारायण और चंदखुरी में शुरुआती चरण के काम पूरे हो चुके हैं। शेष 07 स्थलों का विकास भी तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जैसा कि आप लोगों को मालूम है कि मैं हर विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर लोगों से शासन की योजनाओं और नीतियों सीधे फीडबैक ले रहा हूं। कल मैं पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जहां भी गया, लोगों ने बहुत उत्साह के साथ मेरा स्वागत किया। लोगों का यह उत्साह देखकर मुझे संतुष्टि होती है। प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सभी की आय बढ़े, सभी की समृद्धि बढ़े और सभी जगह पर सुख-शांति हो, हमने इसी लक्ष्य लेकर अपनी योजनाएं बनाई और उनका क्रियान्वयन

कर रहे हैं। हमारी आर्थिक नीतियों का लाभ हर वर्ग के लोगों को मिल रहा है। कोरोना संकट के दौरान भी हमारी दीवाली फ ीकी नहीं हुई। हम डायरेक्ट बेनीफिट स्कीमों का लाभ सभी को मिला है। तीन दिन पहले ही राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण कृषि मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत लगभग 1900 करोड़ रुपए का अंतरण हितग्राहियों के बैंक खातों में सीधे किया गया है। 01 नवंबर से प्रदेश में धान खरीदी शुरु हो जाएगी। इस साल 1 करोड़ मिट्रिक टन से अधिक धान खरीदने की तैयारी हमने की है। पिछली बार हमने 98 लाख मिट्रिक टन धान की खरीदी की थी, जो अपने आप में रिकार्ड है। डायरेक्ट बेनीफिट स्कीमों के माध्यमों से अभी तक हम डेढ़ लाख करोड़ रुपए से अधिक राशि लोगों की जेबों में सीधे पहुंचा चुके हैं। बिजली बिल हॉफ योजना के अंतर्गत 42 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को अब तक 2500 करोड़ रुपए की राहत दी जा चुकी है। हमने अपनी योजनाओं का लगातार विस्तार किया है, इससे हितग्राहियों की संख्या लगातार बढ़ी है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ अब खरीफ की सभी फसलों, उद्यानिकी फसलों और वृक्षारोपण करने वाले किसानों को भी मिल रहा है। दलहन फसलों को प्रोत्साहित करते हुए अब मूंग, उड़द, अरहर की भी समर्थन मूल्य पर खरीदी की व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि बहुत सारी घोषणाएं मैंने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत की है। जिसकी आप सभी को जानकारियां हैं। इस साल गोबर के साथ गौमूत्र की भी खरीदी शुरू की जायेगी, मुझे खुशी है कि जांजगीर जिला नम्बर एक पर है। सामाजिक भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में भी मैंने समाज के विभिन्न लोगों के उत्थान के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृति की है। प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि गोबर खरीदने के साथ-साथ हमने गौठान बनाया है, गौमाता के संरक्षण के लिए कार्य किया जा रहा है, इससे दुर्घटनाओं में 30 प्रतिशत की कमी आई है। हम जनजागरण भी कर रहे हैं और भी गौठान सक्रिय किया जा रहा है, आवारा पशुओं को गौठानों में आसरा मिल रहा है, इससे आवारा पशु विचरण में बड़ी कमी आई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि हम लगातार शिक्षा के विस्तार को लेकर काम कर रहे हैं। इस दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए हम पीपीपी मॉडल में कॉलेज खोलने की तैयारी कर रहे हैं।

शिवरीनारायण में उपन्यासकार ठाकुर जगमोहन सिंह के नाम पर बनेगा पुस्तकालय

- मुख्यमंत्री को ठेठरी-खुरमी और अन्य छत्तीसगढ़ी पकवानों से तौलकर किया गया सम्मानित
- सामाजिक संगठनों की मांग पर 1.60 करोड़ रुपए की स्वीकृति
- मुख्यमंत्री ने विभिन्न समाज और संगठनों के प्रतिनिधियों से की मुलाकात

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान आज जांजगीर-चांपा जिले के शिवरीनारायण नगर के रेस्ट हाउस में विभिन्न समाजों के प्रमुख और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर सामाजिक गतिविधियों और उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की। इस मौके पर मुख्यमंत्री का अन्य पिछड़ा वर्ग संगठन द्वारा ठेठरी-खुरमी सहित अन्य छत्तीसगढ़ी पकवानों से तौलकर उन्हें सम्मानित किया गया। औषधी विक्रेता संघ की ओर से मुख्यमंत्री को छायाचित्र भेंट किया गया। सतनामी समाज नवागढ़ और पामगढ़ द्वारा देशभर में हुए सर्वे में सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री बनने पर भूपेश बघेल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने सामाजिक संगठनों के मुलाकात के दौरान विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की मांग पर एक करोड़ 60 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की। इस मौके पर उन्होंने शिवरीनारायण में उपन्यासकार ठाकुर जगमोहन सिंह के नाम पर पुस्तकालय बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ठाकुर जगमोहन सिंह प्रसिद्ध उपन्यासकार के साथ ही शिवरीनारायण के तहसीलदार भी रह चुके हैं। मुख्यमंत्री ने ठाकुर समाज द्वारा जांजगीर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित करने के लिए कलेक्टर को जगह का अवलोकन कर स्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में सिक्ख समाज को पामगढ़ विकासखंड के गुरूद्वारे में धर्मशाला निर्माण के लिए 20 लाख रूपए और घाट निर्माण की भी स्वीकृति दी। इसी प्रकार स्वर्णकार समाज को सामुदायिक भवन के लिए 15 लाख रूपए, नायक बंजारा समाज को सामुदायिक भवन के लिए 25 लाख रूपए की मंजूरी दी। इसी प्रकार केशरवानी समाज की धर्मशाला उन्नयन के लिए 20 लाख रूपए, राहौद में देवांगन समाज की धर्मशाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण और केसला में शाकंभरी भवन के लिए 10-10 लाख रूपए, सतनामी समाज की मांग पर शिवरीनारायण में सामाजिक भवन और केंवट निषाद समाज के छात्रावास भवन के लिए 25-25 लाख रूपए, सत्गुरू सेवा समिति पामगढ़ को सांस्कृतिक भवन और मंच निर्माण के लिए 10 लाख रूपए की मंजूरी दी। इस अवसर पर विधायक पामगढ़ इंदु बंजारे, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अटल श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने परशुराम चौक के नामकरण और गुरू घासीदास सतगंवा मेला समिति द्वारा मेला स्थल पर सौंदर्यीकरण की बात पर सहमति व्यक्त की। यादव समाज के भवन और स्कूल की मरम्मत और पामगढ़ ब्लॉक के रींवा गांव में पहुंच मार्ग सारथी समाज के लिए मुक्तिधाम निर्माण की स्वीकृति प्रदान की।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिवरीनारायण में प्रभु नरनारायण के किये दर्शन

- विधि-विधान से पूजा अर्चना और आरती कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विधानसभा क्षेत्र पामगढ़ के शिवरीनारायण में अधिकारियों की समीक्षा बैठक और प्रेस कांफ्रेंस के बाद शिवरीनारायण के मंदिर में प्रभु नरनारायण के दर्शन के लिए पहुँचे और पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्यमंत्री ने प्रभु नरनारायण से प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर में विराजमान जगन्नाथ स्वामी के भी दर्शन किए। इस अवसर पर गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महंत राम सुंदर दास, शाकंभरी बोर्ड के अध्यक्ष राम कुमार पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दो अपचारी बालकों को 20-20 साल की सजा

कोरबा (आरएनएस)। सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दो अपचारी बालकों को बाल न्यायालय ने 20-20 साल की सजा सुनाई है। करीब 19 माह पहले दर्री थाना क्षेत्र में एक 14 साल की बच्ची को बहला फुसला कर जंगल में ले जाने के बाद सामूहिक दुष्कर्म किया गया था। इसमें दो नाबालिगों के अलावा एक युवक भी शामिल रहा। उसे पहले ही आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा चुकी है। दर्री थाना अंतर्गत आने वाले एक ग्राम में रहने वाली 14 वर्षीय बालिका को बीते वर्ष 13 मार्च को रात करीब नौ बजे एक आरोपित लाला उर्फ निरंजन ग्राही व दो नाबालिग बालकों ने इशारा कर उसे अपने पास बुलाया और मिक्चर बिस्किट खिलाने का प्रलोभन देकर उसे जंगल ले गए। जहां एक बरगद पेड़ के पास तीनों ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। घटना को अंजाम देने के बाद वापस बालिका को किसी से कुछ नहीं बताने की बात कहते हुए वापस घर से कुछ दूर पहले छोड़ दिया गया। पीड़िता ने अपने चाचा को आप बीती सुनाई। उसके बाद इसकी रिपोर्ट दर्री थाना में दर्ज कराई गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले की सुनवाई कटघोरा के बाल न्यायालय में चल रही थी। सुनवाई पूरी होने के बाद आरोप सिद्ध होने पर अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएससी पाक्सो की न्यायाधीश स्वर्णलता टोप्पो ने धारा 363 में एक-एक साल, धारा 366 के मामले में दो-दो साल सश्रम कारावास व धारा 6 पाक्सो एक्ट में 20-20 साल की सजाएं सुनाई है। शासन की ओर से इस मामले में पैरवी अतिरिक्त अभियोजक राकेश जायसवाल ने की। दुष्कर्म के मामले में पहली बार अपचारी बालकों को 20.20 साल की सख्त सजा सुनाई गई है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र को दी 23 करोड़ 90 लाख रुपए की लागत के 40 कार्यों की सौगात

रायपुर (आरएनएस) शिवरीनारायण में आयोजित कार्यक्रम में पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र लोकार्पण और भूमिपूजन किया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज शिवरीनारायण में आयोजित कार्यक्रम में पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए 23 करोड़ 90 लाख रूपये की लागत के 40 कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया है। उन्होंने इन कार्यों में से 26 कार्यों जिनकी लागत 16 करोड़ 14 लाख 53 हजार रुपए है, के कार्यों का भूमिपूजन और 14 कार्यों जिनकी लागत 7 करोड़ 75 लाख 44 हजार रुपये है, का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने सहकारी बैंक में 4 कार्य जिनकी लागत राशि 5 करोड रुपए, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा 11 कार्य जिनकी लागत राशि 2.35 करोड़ रुपए, जल संसाधन संभाग जांजगीर, दो कार्य जिनकी लागत राशि 5.23 करोड़ रुपए, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एक कार्य जिनकी लागत राशि 2.43 करोड़ रुपए,लोक निर्माण विभाग, दो कार्य लागत राशि 4.54 करोड़ रुपए, ग्राम पंचायत 7 कार्य लागत राशि 81 लाख करोड़ रुपए, कुल 26 कार्य लागत राशि 16.14 करोड़ रुपए का भूमिपूजन किया। इसी तरह मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के लिए एक कार्य लागत राशि 2.17 करोड़ रुपए, नगर पंचायत शिवरीनारायण हेतु दो कार्य लागत राशि 45 लाख करोड़, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा हेतु दो कार्य लागत राशि 1.69 करोड़ रुपए, ग्राम पंचायत हेतु 7 कार्य लागत राशि 46 लाख रुपए, लोक निर्माण विभाग हेतु एक कार्य लागत राशि 1.21 करोड़ रुपए, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल हेतु 1 कार्य 1.75 करोड़ रुपए मिलाकर कुल 14 कार्य जिनकी लागत राशि 7.75 करोड़ रुपए है, का लोकार्पण किया।

नाबालिग बालिका का अपहरण कर रायपुर ले जाने वाले आरोपी को थाना कुंण्डा पुलिस ने किया गिरफ्तार

- नाबालिग बालिका को शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करता रहा आरोपी

कवर्धा (आरएनएस)। कबीरधाम जिले के पुलिस कप्तान डॉ. लाल उमेद सिंह के द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को थाने में पूर्व के दर्ज पेंडिंग मामलों का जल्द से जल्द निराकरण करने निर्देश दिया गया है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे के द्वारा महिला एवं बालक/बालिकाओं से संबंधित अपराधों के जल्द निराकरण करने हेतु दिशा निर्देश देते हुए किसी भी मामले में विवेचना संबंधी समस्या होने पर बेइज्जत होकर चर्चा करने कहा गया है। इसी तारतम्य में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया पंकज पटेल के दिशा निर्देश में थाना प्रभारी कुंण्डा निरीक्षक आनंद शुक्ला के द्वारा थाना कुंण्डा में पूर्व के दर्ज प्रकरणों के निकाल हेतु नये सिरे से विवेचना किया जा रहा है। जिस पर प्रार्थी द्वारा पूर्व में अपने नाबालिग बालिका का अपहरण होने का रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी द्वारा नये सिरे से विवेचना किया गया तथा अपहृत बालिका के पता तलाश हेतु वरिष्ठ अधिकारी गणों के दिशा निर्देश पर टीम बनाकर थाना क्षेत्र एवं जिले से बाहर रवाना किया गया साथ ही साइबर सेल पुलिस टीम की भी मदद ली गई। दौरान विवेचना के अपहता का रायपुर में होने की सूचना पर तत्काल विशेष टीम गठित कर रायपुर भेजा गया जिस पर पुलिस टीम को सफलता प्राप्त हुआ और रायपुर के सेलीब्रेटी होम हिरापुर कबीर नगर में दबिश देकर अपहृता नाबालिक बालिका एवं आरोपी को बरामद किया गया। अपहृत नाबालिग बालिका से पुलिस टीम के द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि मुझे बिजेन्द्र महिपाल पिता बुधारी महिपाल उम्र 25 साल साकिन ओडाडबरी के द्वारा शादी का प्रलोभन देकर भगा कर ले जाकर मेरे साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया है। जिस पर अपहृत नाबालिक होने से प्रकरण में धारा 366, 376(2)ढ भा.द.वी. 4, 6 पॉक्सों एक्ट जोड़ी गई। पुलिस द्वारा आरोपी बिजेन्द्र महिपाल पिता बुधारी महिपाल उम्र 25 वर्ष साकिन ओडाडबरी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जुडिशल रिमांड पर भेजा गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

जल जीवन मिशन के कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान दें : मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

- टेल एरिया तक पानी पहुंचाने बनाएं कार्ययोजना
- पैरादान के लिए किसानों को अभी से करें प्रेरित
- अवैध शराब, जुआ सट्टा के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें
- शिवरीनारायण में तेजी से हो रहा पर्यटन सुविधाओं का विकास

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिवरीनारायण में ली अधिकारियों की बैठकमुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज भेंट मुलाकात के दौरान शिवरीनारायण में अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित पेयजल योजनाओं के कामों की गुणवत्ता में सुधार किए जाने की जरूरत है। इस क्षेत्र के कुछ ग्रामों में शिकायत आई है। इसका समाधान होना चाहिए। अंचल के कुछ ग्रामों में डूबान क्षेत्रों के किसानों को मुआवजा राशि अभी तक नहीं मिल सकी है। उन्होंने कलेक्टर को पहल कर किसानों को राशि दिलाने को कहा है। बघेल ने सिंचाई परियोजना के अंतर्गत टेल एरिया के खेतों तक पानी पहुंचाने की ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा की शासकीय भूमि में अतिक्रमण की कार्रवाई ग्रामीणों की सहमति से किया जाए। यथासंभव बल का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए। समझने से लोग समझ जायेंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि शासन की छोटी छोटी अनुदान राशि गरीबों के लिए महत्वपूर्ण है। इसे प्राप्त करने के लिए उन्हें दफ्तर के बार बार चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पडऩे चाहिए। इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि शासन द्वारा की गई घोषणाएं प्राथमिकता से और समय सीमा में पूर्ण करें। इसे लागू करने एवं अमल में लाने में विलंब नहीं होने चाहिए। उन्होंने कहा कि धान कटाई का मौसम शुरू होने वाला है। बड़ी मात्रा में पैरा खेत में रहेगा। इसे गौठान को दान करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाए। इस संबंध में जनजागरुकता के कार्यक्रम किए जाएं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि प्रशासन को अब स्वावलंबी गौठान के अलावा नए गौठानों पर भी ध्यान देना चाहिए। बघेल ने कहा कि यहां से बड़ी संख्या में लोग बाहर काम के लिए जाते हैं। यदि गौठान और रीपा गतिविधियां अच्छी तरह से संचालित होगीं, तो पलायन थमेगा, उन्हें अपने घर के आसपास ही काम मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिवरीनारायण राज्य का प्रमुख धार्मिक व ऐतिहासिक पर्यटन स्थल है। यहां आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए सरकार पर्याप्त सुविधाएं विकसित कर रही है। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण के साथ साथ शहरी इलाकों की सडक़ों की मरम्मत के लिए अभियान चलाने को कहा है। उन्होंने अवैध शराब, जुआ सट्टा, नशीली दवाइयों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। बघेल ने बैठक में स्कूल शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। न केवल शिक्षा विभाग बल्कि अन्य अफसर भी दौरे में स्कूलों का निरीक्षण करें। स्वामी आत्मानन्द स्कूलों के साथ अन्य स्कूलों की गुणवत्ता पर समान रूप से ध्यान देना है। कमिश्नर डॉ संजय अलंग, आईजी रतनलाल डांगी, मुख्यमंत्री के सचिव अंकित आनंद, प्रभारी सचिव धनंजय देवांगन, कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा, एसपी विजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ फरिहा आलम सिद्धिकी सहित जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।